# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 28.08.2026

## थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 28.08.2026 को मुखबिर खास की सूचना थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 435/2026 धारा 64(1) बीएनएस से सम्बंधित वांछित अभियुक्त मो0 शहबाज पुत्र शहादत अली उर्फ बरसाती नि0 ग्राम भंडरा थाना नैनी कमि0 प्रयागराज को भंडरा क्रासिंग से चक गरीबदास जाने वाली रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 27.08.2026 को वादिनी मुकदमा के तहरीरी सूचना बाबत विपक्षी द्वारा वादिनी की पुत्री उम्र करीब 27 वर्ष के साथ जबरन दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 435/2026 धारा 64(1) बीएनएस बनाम शहबाज पुत्र सहादत उर्फ बरसाती निवासी भंडरा उमरगंज थाना नैनी जनपद प्रयागराज के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

आज दिनांक 28.08.2026 को थाना नैनी पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त मो0 शहबाज उपरोक्त को भंडरा क्रासिंग से चक गरीबदास जाने वाली रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवऱण-

मो0 शहबाज पुत्र शहादत अली उर्फ बरसाती नि0 ग्राम भंडरा थाना नैनी कमि0 प्रयागराज उम्र 24 वर्ष।

## पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-435/2026 धारा 64(1) बीएनएस थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।

## अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 116/2022 धारा 380/411 IPC थाना जीआरपी प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 293/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नैनी प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0 35/2019 धारा 452, 493, 506 IPC थाना कौधियारा प्रयागराज।
4. मु0अ0सं0 156/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना घूरपुर प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0 1401/2020 धारा 279, 323, 504, 506, 427 IPC थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
6. मु0अ0सं0 292/2022 धारा 323, 504, 506, 286 IPC थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
2. उ0नि0 कुलदीप उपाध्याय , थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
3. का0 नरेन्द्र कुमार पाल, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
4. का0 सागर परमार, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।

# थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आये 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27.08.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 433/2026 धारा 308(5)/351(2) बीएनएस से सम्बंधित प्रकाश में आये अभियुक्त कृपाशंकर शुक्ला पुत्र स्व0 आद्या प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम पीड़ी थाना करछना प्रयागराज को सीआईएसएफ कालोनी एडीए नैनी के पास से गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल नं0 UP70CE5560 बरामद किया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 26.08.2026 को वादी मुकदमा सुशील कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विन्ध्यांचल मिर्जापुर हालपता श्रीमती डी. सिंह इण्टर कालेज के बगल देवरख उपरहार थाना नैनी जनपद प्रयागराज के तहरीरी सूचना बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के गेट के अन्दर फिरौती के रूप में 1,25,000/- रूपये की रंगदारी मांगने व फिरौती न देने पर वादी व वादी के पुत्र को जान से मारने की धमकी भरा पत्र देने के सम्बन्ध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 433/2026 धारा 308(5)/351(2)बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

दिनांक 27.08.2026 को थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित प्रकाश में आये अभियुक्त कृपाशंकर शुक्ला उपरोक्त को सीआईएसएफ कालोनी एडीए नैनी के पास से गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल नं0 UP70CE5560 बरामद किया गया।

**पूछताछ विवरण अभियुक्त–**

अभियुक्त कृपाशंकर शुक्ला उपरोक्त से घटना के सम्बन्ध में पुछताछ करने पर बताया कि साहब सुशील शुक्ला मेरे चचेरे भाई है। मै उनको बहुत पहले से जानता हुं। मै नशा पत्ती करता हुं मेरे पास पैसे नही था इसीलिए मैने ही पैसे लेने के लिए धमकी भरा लेटर लिखकर उनके घर में फेंका था ताकि उनको डराकर पैसा ले सकूं। आज मै पुनः मोटरसाइकिल से नैनी पैसा लेने आया था कि आप लोगो ने पकड़ लिया। अभियुक्त से उसके मोटरसाइकिल के संबंध मे पूछताछ की गयी तो बताय की यह मोटरसाइकिल मेरे गांव के ही एक मित्र राम कुमार मिश्रा की है। यह वही मोटरसाइकिल है जिससे मैने दिनांक 24.08.2026 सुबह सुशील शुक्ला के घर जाकर लेटर उनके घर में फेका था।

**गिरफ्तार अभियुक्तका विवरण-**

कृपाशंकर शुक्ला पुत्र स्व0 आद्या प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम पीड़ी थाना करछना प्रयागराज उम्र करीब 56 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोगका विवरण -**

मु0अ0सं0 433/2026 धारा 308(5)/351(2) बीएनएस थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल नं0 UP 70CE 5560

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
2. उ0नि0 रामानन्द विश्वकर्मा थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
3. उ0नि0 लेखपाल सिंह, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
4. का0 सोनू कुमार यादव, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।